APP-A
Crime-I

FORM N0. III

फर्द अहकाम
(नियम–26) 65/18 (2018-00065)

अज अदालत संभागीय आयुक्त मुकाम अजमेर

बिरदाराम व अन्य बनाम पोकरराम व अन्य

किस्म मुकदमा/प्रा0 प0 बा0 दा0./नं0 65 /सन् 2018 जिला नागौर

तारीख हुक्म	हुक्म व कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
15.2.2018	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी/ अपीलान्ट अभि0 भवानीसिंह रावत उपस्थित हैं। यह प्रार्थना पत्र अपील संख्या 02/2014 (2014/00092) बउनवान बिरदाराम व अन्य बनाम पोकरराम व अन्य में न्यायालय हाजा द्वारा पारित आदेश दिनांक 06–07–2017 जिसके द्वारा अपील को अदम हाजरी व अदम पैरवी में खारिज किया गया है, को पुनः नम्बर लिया जाकर अपील पुनः दर्ज किये जाने हेतु दिनांक 5.9.2017 को प्रस्तुत किया गया है। प्रार्थी/ अपीलान्ट अभि0 को प्रा0 पत्र व अपील के तथ्यों पर सुना गया। प्रार्थी/ अपीलार्थी का कथन है कि प्रार्थना बाजदायरी अन्दर मियाद है तथा न्यायहित में अपीलान्ट को अपील के गुणावगुण पर सुना जाकर निर्णित किया जाना न्यायोचित होगा अतः प्रार्थी का प्रा0 प. बा0दा. स्वीकार किया जाकर मूल अपील को पुनः नम्बर पर लिया जाकर सुनवाई किये जाने बाबत निवेदन किया गया है। अपील व प्रार्थना पत्र बाजदायरी का अवलोकन किया गया। प्रार्थना पत्र बा0दा0 अन्दर मियाद होने से दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। न्यायहित में बा0दा0 प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है तथा मूल अपील को पुनः नम्बर पर लिये जाने के आदेश दिये जाते है। अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर रेस्पो0 को सुनवाई हेतु मूल अपील में दिनांक 1.5.2018 के नोटिस जारी हो । पत्रावली फैसल शुमार व नम्बर से कम होकर बाद तकमील मूल अपील के साथ संलग्न हो /दाखिल दफ्तर हो ।	

Scanned by CamScanner